अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/2/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') | कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'क'**<br>**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : | |
| | (क) | प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के का अपने शब्दों में रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• लंबा कद, गोरा रंग, हल्की सफ़ेदी लिए भूरी दाढ़ी, वात्सल्य से भरी नीली आँखें<br>• पादरी के सफ़ेद चोगे से ढका शरीर<br>• ममता और अपनत्व से भरा व्यक्तित्व<br>• मानवीय करुणा, संवेदनशीलता, परोपकार आदि गुणों से ओतप्रोत<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | प्रश्न – ''फ़ादर कामिल बुल्के को ज़हरबाद से नहीं मरना चाहिए था'' – लेखक ने ऐसा क्यों कहा?<br>'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• जिसके हृदय में दूसरों के प्रति स्नेह और अपनत्व की असीम मिठास भरी हो, उसकी ज़हरबाद जैसे कष्टदायक रोग से मृत्यु उचित नहीं<br>• ईश्वर में आस्था और विश्वास रखने वाले व्यक्ति की इतनी यातनापूर्ण मृत्यु न्यायसंगत नहीं | 2 |



*These answers are meant to be used by evaluators.

अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/2/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')　　　　　　　　　　　　　　　कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 1 | (ग) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के लेखक ने सेकंड क्लास के डिब्बे का टिकट क्यों लिया?<br>**उत्तर** –<br>• भीड़ से बचकर एकांत में नयी कहानी के बारे में सोचने के लिए<br>• खिड़की से प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए | 1+1=2 |
| | (घ) | प्रश्न – इच्छा होते हुए भी लेखक और नवाब साहब दोनों के खीरा न खाने का कारण 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए।<br>**उत्तर** –<br>लेखक का खीरा न खाने का कारण –<br>• पहली बार नवाब साहब का भाव परिवर्तन अच्छा नहीं लगा इसलिए औपचारिकता का निर्वाह करते हुए मना कर दिया। /<br>• दूसरी बार अपने आत्मसम्मान की खातिर<br>नवाब साहब द्वारा खीरा न खाने का कारण –<br>• नवाबी ठाठ-बाट के दिखावे के कारण /<br>• लेखक की उपस्थिति में खीरे जैसी साधारण वस्तु को खाने में संकोच के कारण /<br>• अपने झूठे नवाबी अहं के कारण | 1+1=2 |
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : | |
| | (क) | प्रश्न – पिता द्वारा भोलानाथ को खाना खिलाने के बाद भी उसकी माँ उसे खाना खिलाती थी, क्यों? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए। | |



*These answers are meant to be used by evaluators.

